लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4658

23 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

सेल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला

4658. श्री अशोक कुमार रावतः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में स्वास्थ्य मेलों के आयोजन के लिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) और अन्य उपक्रमों द्वारा निधियाँ प्रदान की जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आज की तिथि अनुसार विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उनके द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेलों का तिथि और स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान उनके द्वारा अलग से खर्च की गई निधियों का तिथि और स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) सहित इस्पात मंत्रालय के अधीन किसी भी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नहीं किया है। तथापि, इस्पात मंत्रालय के अधीन सीपीएसई के संयंत्रों/इकाइयों/खानों के आस-पास रहने वाले समुदाय अस्पतालों, औषधालयों, मोबाईल चिकित्सा यूनिटों आदि के माध्यम से बुनियादी स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। इसके अलावा, संयंत्रों/खानों के आस-पास के विभिन्न गांवों में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए आयोजित नियमित स्वास्थ्य शिविरों के जरिए निवारक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाती है।

****